**परीक्षा विभाग, शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर**

क्रमांक/ 6025 /परीक्षा/2025-26 इन्दौर, दिनांक : 24.03.2026

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

विषयः- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के निर्देशानुसार बी.एस-सी. षष्ठम सेमेस्टर एवं बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिये Field Studies विषय के अन्तर्गत Field-Project / Internship / Apprenticeship / Community Engagement & Service कार्य बाबत्।

संदर्भः- मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/849/138/सीसी/21/38 भोपाल, दिनांक 03.11.2021 के अध्यादेश क्रमांक 14A के अनुसार।

महोदय/महोदया,

महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (NEP 2020) अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अध्यादेश 14A के अनुसार स्नातक स्तर पर बी.एस-सी. षष्ठम सेमेस्टर एवं बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिये Field Studies विषय के अन्तर्गत Field-Project/Internship/Apprenticeship/Community Engagement & Service कार्य निम्नानुसार कराया जाना है -

1. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर तृतीय वर्ष में Field Studies संबंधी कार्य पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर में होगा।
2. **विद्यार्थियों द्वारा चयनित मेजर विषय के विभाग द्वारा Field Studies संबंधी कार्य पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर में कराया जाएगा।**
3. उपरोक्त कार्य हेतु विषय के चयन हेतु विभागाध्यक्ष अपने शिक्षक साथियों की मदद से संबंधित कार्यों को एक पंजी में सूचीबद्ध करेंगे।
4. Field Studies संबंधी कार्य को एक प्रश्नपत्र की तरह माना जाएगा जिसके कुल 100 अंक (कुल क्रेडिट 6) रहेंगे जिसका विभाजन निम्नानुसार रहेगा -
   (i) <u>Field Studies Training</u> - (Field-Project/Internship/Apprenticeship /Community Engagement & Service) - 75 अंक (4 क्रेडिट)
   (ii) <u>Evaluation of Report</u> - 25 अंक (2 क्रेडिट)
   इस प्रकार कुल 100 अंकों का होगा।

| क्रमांक | विषय | विषय | अंक | परीक्षा विभाग को भेजे जाने वाले अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Field Studies Training (Field-Project/Internship/Apprenticeship /Community Engagement & Service) (4 Credits) (75 Marks)** | कार्यस्थल प्रशिक्षण | 50 | 75 |
| 2 | | शिक्षक गाईड द्वारा आंतरिक मूल्यांकन | 10 | |
| 3 | | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | **Evaluation of Report (2 Credits) (25 Marks)** | प्रतिवेदन | 25 | 25 |
| | | कुल | 100 | 100 |

5. Field Studies की अवधि 90 घंटों की होगी।
6. विद्यार्थियों को उपरोक्त कार्य नियमित अध्ययन के साथ-साथ अतिरिक्त समय में करना होगा।

7. **Field Studies संबंधी कार्य का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास हेतु आवश्यक तकनीक से परिचित कराना है। इस हेतु आवश्यक है कि विद्यार्थी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही Field Studies संबंधी कार्यो का चयन करें। परियोजना निर्देशक शिक्षक स्थानीय उद्यमिता से जुड़े क्षेत्रों का सर्वे कर इस हेतु विद्यार्थियों का समुचित मार्गदर्शन करेंगे।**

**विद्यार्थी Field Studies हेतु मेजर विषय के विभाग में संपर्क करें। विभागाध्यक्ष के माध्यम से शिक्षक गाइड का आवंटन विभागीय स्तर पर किया जाएगा।**

**मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार Field Studies व्यावहारिक ज्ञान के अन्तर्गत विद्यार्थी को अपनी रूचि, उपयोगिता एवं क्षमता के अनुसार पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर में अपने संकाय के कार्यक्षेत्र में Field-Project (परियोजना कार्य) /Internship (शिक्षुता)/Apprenticeship (प्रशिक्षुता) /Community Engagement & Service (सामुदायिक जुड़ाव एवं सेवा कार्य) में से किसी एक का चयन करना है जिसके विस्तृत दिशा-निर्देश निम्नानुसार हैं –**

## (I) Project Work (परियोजना कार्य)

नवीन अकादमिक संरचना में परियोजना कार्य एक महत्वपूर्ण अंग है। परियोजना कार्य आधारित शिक्षण, विद्यार्थी के व्यक्तिगत अथवा समूह में रहकर (अनुसंधान गतिविधियों का संयोजन है, जिससे विद्यार्थी) फील्ड स्टडी के माध्यम से न सिर्फ अनुसंधान करना सीखता है अपितु समूह में एक साथ घनिष्ठ रूप में कार्य करना भी सीखता है। महाविद्यालय के बाहर के फील्ड स्टडी/केस स्टडी के अनुभव विद्यार्थियों के लिए अमूल्य है। परियोजना कार्य के माध्यम से, विद्यार्थियों में समूह-अनुसंधान गतिविधियों के अलावा स्वप्रबंधन, लोकतांत्रिक राय निर्माण, सामूहिक निर्णय लेने की क्षमता में अभिवृद्धि होती है।

**संक्षिप्त जानकारी**

- **प्रगति प्रतिवेदन :** विद्यार्थियों द्वारा तीन प्रगति प्रतिवेदन प्रारूप में देना होगा, जिसके आधार पर संबंधित शिक्षक सतत् मूल्यांकन का कार्य करेंगे।
- **परियोजना रिपोर्ट :** स्वहस्तलिखित न्यूनतम 5000 शब्दों में प्रस्तुत करना होगी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट में आवश्यकतानुसार, चार्ट, ग्राफ, फोटोग्राफ आदि का प्रयोग करना होगा।
- **मौलिकता :** परियोजना कार्य किसी भी रूप में नकल पर आधारित नहीं होगा। विद्यार्थियों को यह प्रमाण पत्र भी रिपोर्ट के साथ देना होगा कि प्रस्तुत परियोजना रिपोर्ट उनका मौलिक कार्य है।

## (II) Internship (प्रशिक्षुता) एवं Apprenticeship (शिक्षुता)

प्रदेश के विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यावसायिक व व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए नवीन अकादमिक संरचना में शिक्षुता/प्रशिक्षुता एक प्रमुख अवयव है। प्रशिक्षुता एवं शिक्षुता पाठ्यक्रम को विद्यार्थी किसी संस्था/फर्म/व्यावसायिक संगठन/व्यक्ति के साथ रहकर पूर्ण करता है तथा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के पश्चात् संस्था/फर्म/ व्यावसायिक संगठन/व्यक्ति द्वारा उसे इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जाता है, जिसके आधार पर उसका मूल्यांकन किया जाता है।

**संक्षिप्त जानकारी**

- **अनुमति :** प्राचार्य एवं शिक्षकगण यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी शिक्षुता/प्रशिक्षुता पाठ्यक्रम के लिए जिस संस्था/व्यक्ति के पास जा रहा है वो

प्रतिष्ठित, स्तरीय व वैधानिक है तथा शिक्षुता/प्रशिक्षुता कार्यक्रम का निष्पादन करने के लिये सक्षम है।

- **प्रारम्भिक रिपोर्ट :** प्राथमिक चरण कार्य की प्रारम्भिक रूपरेखा, कार्यक्षेत्र, संस्थान की जानकारी आदि में प्रस्तुत करना होगा।
- **अंतिम रिपोर्ट :** शिक्षुता/प्रशिक्षुता कार्य की अंतिम रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा।
- **प्रतिपुष्टि प्रपत्र :** कार्य उपरांत शिक्षुता पाठ्यक्रम में संबंधित संस्था/व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रतिपुष्टि प्रपत्र (Feedback Form) के आधार पर ही विद्यार्थी का आंतरिक मूल्यांकन किया जायेगा, जो कि कुल अंक का 50 प्रतिशत होगा।
- विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट स्वहस्तलिखित, न्यूनतम 2000 शब्दों की होनी चाहिए, आवश्यकतानुसार ग्राफ, फोटोग्राफ, चार्ट आदि का समावेश किया जाना चाहिए।

## (III) Community Engagement & Service (सामुदायिक जुड़ाव/सेवा कार्य)

इस क्षेत्र में कार्य करने को इच्छुक विद्यार्थी किसी स्थानीय प्रतिष्ठित स्वयंसेवी/मान्यता प्राप्त गैर शासकीय संगठन के साथ जुड़कर किसी सकारात्मक सामाजिक सरोकार जैसे प्रौढ़ शिक्षा, बाल मजदूरी, अनाथ आश्रम प्रबंधन, वृद्धाश्रम, जलसंरक्षण आदि के संदर्भ में सेवा कार्य कर सकेंगे।

**संक्षित जानकारी**

- विद्यार्थी निर्दिष्ट मानदण्डों के अनुरूप कार्य व संस्था का नाम/विवरण प्रभारी शिक्षक को प्रस्तुत करेंगे।
- **कार्य व स्वरूप की रूपरेखा :** प्रस्तावित कार्य व स्वरूप की रूपरेखा व लक्षित प्रतिफल का विवरण भी शिक्षक को प्रस्तुत करेंगे।
- **अंतिम विस्तृत रिपोर्ट व अनुशंसा :** स्व-हस्तलिखित में फोटोग्राफ्स सहित निर्धारित प्रपत्र में जमा करेगा, सम्बन्धित सहयोगी/मार्गदर्शक संस्था की मूल्यांकन रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य है।
- **संभावित क्षेत्र :** सकारात्मक सामाजिक सरोकार जैसे प्रौढ़ शिक्षा, बाल मजदूरी, अनाथ आश्रम प्रबंधन, वृद्धाश्रम, जलसंरक्षण आदि के संदर्भ में सेवा कार्य कर सकेंगे।
- **अति आवश्यक :** संस्था किसी धार्मिक, जातिगत अथवा राजनैतिक रूप से पूर्णतः निरपेक्ष हो, किसी सम्प्रदाय अथवा विशिष्ट राजनैतिक विचारधारा से अभिप्रेरित न हो, किसी वैधानिक स्तर पर चिन्हित व सत्यापित हो।
- एन.जी.ओ. के पंजीकरण की जानकारी ngodarpan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 1258 ग्रामों को गोद ग्राम के रूप में चिन्हित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को परियोजना कार्य/शिक्षुता/प्रशिक्षुता/सामुदायिक जुड़ाव में से किसी एक का चयन कर उसका प्रतिवेदन तैयार करना है। इस संबंध में सामुदायिक जुड़ाव के अंतर्गत महाविद्यालयों के विद्यार्थी स्थानीय एन.जी.ओ. के साथ जुड़ कर गोद ग्राम के अंतर्गत निर्धारित की गई कार्य योजना को दृष्टिगत रखते हुए अपना प्रतिवेदन तैयार कर सकते हैं।

## मूल्यांकन संबंधी निर्देश –

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार **Field Studies Training (Field-Project/Internship/Apprenticeship /Community Engagement & Service)** का मूल्यांकन निम्नानुसार रहेगा –

| | | |
|---|---|---|
| **Field Studies Training (Field-Project/ Internship/Apprenticeship /Community Engagement & Service) (6 Credits) 100 Marks** | **(i)** | **Field-Projects /Internship/ Apprenticeship/ Community Engagement & Service (4 Credits) (75 Marks)** |
| | **(ii)** | **Evaluation of Report (2 Credits) (25 Marks)** |

| क्रमांक | विषय | विषय | अंक | परीक्षा विभाग को भेजे जाने वाले अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Field Studies Training (Field-Project/Internship/Apprenticeship /Community Engagement & Service) (4 Credits) (75 Marks)** | कार्यस्थल प्रशिक्षण | 50 | 75 |
| 2 | | शिक्षक गाईड द्वारा आंतरिक मूल्यांकन | 10 | |
| 3 | | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | **Evaluation of Report (2 Credits) (25 Marks)** | प्रतिवेदन | 25 | 25 |
| | | कुल | 100 | 100 |

**नोटः–**

1. उपरोक्त तालिका में बिन्दु क्रमांक 1 में दर्शाये गये अंक विद्यार्थी को प्रशिक्षण कार्यस्थल से प्राप्त करना होगा अर्थात जिस संस्थान/व्यक्ति के मार्गदर्शन में यह कार्य किया गया है उसके द्वारा अंक दिये जावेंगे। अंक संबंधित संस्था से सील्ड बंद लिफाफे में लाकर मार्गदर्शक/विभागाध्यक्ष को सौंपे जावेंगे।

2. उपरोक्त तालिका में बिन्दु क्रमांक 2 से 4 तक के अंक बाह्य परीक्षक एवं आंतरिक परीक्षक (शिक्षक गाईड) के द्वारा सम्मिलित रूप से मौखिकी के दौरान दिये जावेंगे।

3. विभागाध्यक्ष अपने विभाग के सभी विद्यार्थी जिन्होंने **Field Studies** संबंधी कार्य किया है के कुल 100 में से प्राप्तांक उपरोक्तानुसार क्रमशः 75 अंक तथा 25 अंक के पृथक–पृथक, पर्ण/प्रतिपर्ण में परीक्षा विभाग को भेजेंगे।

4. संबंधित विभाग के विद्यार्थियों को शिक्षक गाइड उपलब्ध कराना विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी है।

5. **Field Studies** में उत्तीर्ण होने के लिये 75 अंक में से न्यूनतम 26 अंक तथा 25 अंक में से न्यूनतम 9 अंक अर्थात् कुल 100 अंक में से न्यूनतम 35 अंक लाना अनिवार्य होंगे।

6. **Field Studies** का कार्य 30 **अप्रेल** 2026 से पूर्व पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

7. विभागाध्यक्ष प्रत्येक विद्यार्थी की प्रोजेक्ट/इंटर्नशिप रिपोर्ट तथा रिकार्ड व्यवस्थित संग्रहित रखेंगे। जो श्रेष्ठ प्रोजेक्ट हो उनकी पहचान अवश्य कर लें।

8. विद्यार्थियों की Field Studies संबंधी जानकारी का प्रारूप निम्नानुसार है–

| क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | कक्षा एवं सेक्शन | महावि. गाइड का नाम | प्रशिक्षण स्थल का नाम | प्रशिक्षण की तिथियाँ | विषय जिस पर प्रशिक्षण/प्रोजेक्ट किया गया है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

संलग्नः–प्रारूप

नोटः– 1. प्रतिवेदन प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

2. विद्यार्थियों का Field Studies संबंधी कार्यस्थल प्रशिक्षण का प्राचार्य द्वारा अग्रेषण पत्र की छायाप्रति महाविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है जिसे विभागाध्यक्ष स्वयं के हस्ताक्षर कर एक रजिस्टर में जानकारी संधारित कर अग्रेषित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

प्राचार्य
शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

# स्नातक षष्ठम सेमेस्टर
## कार्यस्थल प्रशिक्षण प्रतिवेदन का प्रारूप

1. विद्यार्थी का नाम – कक्षा –
2. पिता का नाम –
3. महाविद्यालय का नाम –
4. विद्यार्थी का पता एवं दूरभाष क्रमांक –
   (निवास एवं मोबाइल नंबर) –
5. शिक्षक निर्देशक का नाम –
6. कार्यस्थल प्रशिक्षण संस्था का नाम/पता एवं दूरभाष क्रमांक –
7. सर्वेक्षित (विजिट की गयी संस्थाओं से प्राप्त जानकारी/किये गये कार्यों का तिथिवार विवरण –

| क्रमांक | दिनांक | संस्था का नाम | सम्पर्क किये गये व्यक्तियों का | | कार्य/प्राप्त की गयी जानकारी का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नाम | दूरभाष | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8 प्रगति विवरण –

(अ) प्रशिक्षण के दौरान सौंपा गया कार्य –

(ब) पूर्ण किया गया कार्य –

9. संस्था द्वारा निर्धारित प्रतिनिधि/संस्था प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के संबंध में आकलन

(अ) समय की पाबंदी –

(ब) वेशभूषा एवं व्यवहार –

(स) संस्था के नियमों का पालन –

(द) आवंटित कार्य के प्रति निष्ठा –

(इ) संवाद/संप्रेषण क्षमता –

(ई) व्यक्तित्व में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है तथा विद्यार्थी द्वारा इसके लिये किये गये प्रयास सुधार की प्रगति –

(उ) आवंटित कार्य के प्रति जिज्ञासा/सीखने की क्षमता/किये गये कार्य की प्रगति–

10. मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि विद्यार्थी .......................................................................... (पूरा नाम) द्वारा मेरी संस्था/मेरे संपर्क में न्यूनतम 90 घंटे की उपस्थिति दी है।

हस्ताक्षर
संस्था प्रमुख/प्रतिनिधि

# बी.एस-सी./बीसीए षष्ठम सेमेस्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | : | शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) |
| छात्र/छात्रा का नाम | : | ------------------------------ |
| कक्षा एवं विषय | : | ------------------------------ |
| कार्यानुभव की विधा | : | ------------------------------ |
| प्रशिक्षण संस्था का नाम | : | ------------------------------ |
| निर्देशक प्रशिक्षक का नाम | : | ------------------------------ |
| निर्देशक प्राध्यापक का नाम | : | ------------------------------ |

## कार्यानुभव प्रशिक्षण दैनिक उपस्थिति

| क्र. | दिनांक | छात्र/छात्राा के हस्ताक्षर | प्रशिक्षण के हस्ताक्षर | क्र. | दिनांक | छात्र/छात्राा के हस्ताक्षर | प्रशिक्षण के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 24 | | | |
| 2 | | | | 25 | | | |
| 3 | | | | 26 | | | |
| 4 | | | | 27 | | | |
| 5 | | | | 28 | | | |
| 6 | | | | 29 | | | |
| 7 | | | | 30 | | | |
| 8 | | | | 31 | | | |
| 9 | | | | 32 | | | |
| 10 | | | | 33 | | | |
| 11 | | | | 34 | | | |
| 12 | | | | 35 | | | |
| 13 | | | | 36 | | | |
| 14 | | | | 37 | | | |
| 15 | | | | 38 | | | |
| 16 | | | | 39 | | | |
| 17 | | | | 40 | | | |
| 18 | | | | 41 | | | |
| 19 | | | | 42 | | | |
| 20 | | | | 43 | | | |
| 21 | | | | 44 | | | |
| 22 | | | | 45 | | | |
| 23 | | | | | | | |

## बी.एस–सी. / बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम

## प्रशिक्षण संस्था द्वारा प्रमाण – पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि ........................................................................ ................ (विद्यार्थी का नाम) तथा कक्षा .......................................................................... सेक्शन ........................ ने ........................................................................................................ ...................... (संस्था का नाम एवं स्थान) में उपस्थित रहकर ..................................... ................................................................................................ विषय पर .................. घंटे (न्यूनतम 90 घंटे) कार्यस्थल प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

हस्ताक्षर
नाम
(संस्था प्रमुख/संस्था के संक्षम अधिकारी/प्रतिनिधि सील सहित)

## CERTIFICATE GIVEN BY TRAINING INSTITUTION

This is to certify that ........................................................................ (Name of Student) and Class & Section ........................................ has completed ....................... hours training (Minimum 90 hrs.) on the topic ....................................................................................................................... ....................................................................................................................... at ....................................................................................................................... ........................... (Name & place of Collaborative Institution/Agency).

Signature & Seal
Name
(Head of the Institution/Authorised person)

## कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ /2025–26 इन्दौर, दिनांक

प्रति,

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

विषयः– प्रोजेक्ट/इंटर्नशिप विद्यार्थियों का कार्यस्थल प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन विषयक।

महोदय,

बी.एस–सी. / बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिये 90 घंटे का कार्यस्थल प्रशिक्षण करना अनिवार्य है। कृपया विद्यार्थी को प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर सहयोग प्रदान करें।

आपके संस्थान में होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर के .......................................... .............................................................................................................................. (प्रशिक्षण विषय) से संबंधित जो विद्यार्थी 90 घंटे की इंटर्नशिप कर रहे हैं, उनका कार्यस्थल प्रशिक्षण पूर्ण होने पर 50 अंकों में से मूल्यांकन भी आपको ही करना है तथा प्राप्त अंकों की सूची सील बन्द लिफाफे में उपस्थिति पत्रक के साथ प्राचार्य को भेजने का कष्ट करें।

<u>इंटर्नशिप हेतु अनुशंसित विद्यार्थी की जानकारी</u>:–

विद्यार्थी का नाम : .............................................................................................

पिता का नाम : .............................................................................................

कक्षा : ...................................................... सेक्शन ......................

नामांकन क्रमांक : .............................................................................................

मोबाइल नं. : .............................................................................................

मार्गदर्शक का नाम एवं हस्ताक्षर : .............................................................................................

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील

प्राचार्य

**कार्यालय प्राचार्य**

**शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर**

क्रमांक/ 6025 /परीक्षा/2026 इन्दौर, दिनांक : 24.03.2026

# आवश्यक सूचना

**बी.एस–सी. षष्ठम सेमेस्टर एवं बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी उपाधि पाठ्यक्रम के अंतर्गत उन्हें 90 घंटे का (100 अंकों का) Field Studies (Field-Project / Internship / Apprenticeship Community Engagement & Service) (कार्यस्थल प्रशिक्षण) पूर्ण करना हैं। अतः वे उनको आवंटित विभाग से तत्संबंधी प्रमाण–पत्र लेकर कार्यस्थल प्रशिक्षण पूर्ण करें। यह प्रशिक्षण विद्यार्थी नियमित अध्ययन के साथ–साथ अतिरिक्त समय में पूर्ण करेंगे।**

**विद्यार्थी Field Studies हेतु मेजर विषय के विभाग में संपर्क करें। विभागाध्यक्ष के माध्यम से शिक्षक गाइड का आवंटन विभागीय स्तर पर किया जाएगा। यह प्रशिक्षण विद्यार्थी 30 अप्रैल 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करेंगे।**

**संबंधित विद्यार्थी, प्रतिवेदन प्रारूप एवं कार्यस्थल प्रशिक्षण हेतु अग्रेषण पत्र, महाविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करेंगे।**

**परीक्षा नियंत्रक** **प्राचार्य**